हिंदुस्तान 26/06/2026

# राहुल को कुलाधिपति स्वर्ण समेत तीन स्वर्ण पदक

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। बीएससी (ऑनर्स) कृषि के छात्र राहुल कुमार को कुलाधिपति स्वर्ण पदक समेत तीन स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) का दीक्षांत समारोह 10 जुलाई को है। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल व विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी।

बीएससी (ऑनर्स) कृषि में कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले राहुल कुमार ने 8.69 ओजीपीए प्राप्त किया है। राहुल कुमार को राय साहब गजोधर लाल मेमोरियल स्वर्ण पदक और स्व. श्री अक्षयवर सिंह स्मारक स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। 8.65 ओजीपीए प्राप्त करने वाले अभिषेक त्रिपाठी को रजत के साथ डॉ. कीर्तिकर स्मारक स्वर्ण और आस्पी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। 8.63 ओजीपीए प्राप्त करने वाले ऋषि शर्मा कांस्य पदक से सम्मानित होंगे। विवि के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि एक-दो दिन में अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

दैनिक जागरण 26/06/2026

# सीएसए के दीक्षोत्सव में इंडोर गेम्स में दिखाया दम

**जागरण संवाददाता, कानपुर:** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में दीक्षोत्सव के तहत गुरुवार को छात्राओं की इंडोर गेम्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मनोरंजन भवन में आयोजित कैरम और शतरंज प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सुबह सात बजे से शुरू हुई प्रतियोगिताएं अधिष्ठाता छात्र कल्याण के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुईं। कार्यक्रम का संचालन इंडोर गेम्स काउंसलर डा. एकता शर्मा और डा. संगीता गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। कैरम प्रतियोगिता में निर्णायक की जिम्मेदारी आशीष शुक्ला ने निभाई, जबकि शतरंज प्रतियोगिता में ऋषभ निषाद ने निष्पक्ष निर्णय दिए। कार्यक्रम में कुलपति डा. संजीव गुप्ता ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दीक्षोत्सव केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का मंच नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास का भी अवसर है।

# सीएसए दीक्षोत्सव में छात्राओं ने इंडोर गेम्स में दिखाया दमखम, कैरम और शतरंज प्रतियोगिताएँ सम्पन्न




दि ग्राम टुडे,कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में दीक्षोत्सव–2026 के अंतर्गत छात्राओं हेतु आयोजित इंडोर गेम्स प्रतियोगिताएँ गुरुवार को उत्साह एवं खेल भावना के साथ सम्पन्न हुईं। विश्वविद्यालय के मनोरंजन भवन में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने कैरम एवं शतरंज जैसे मानसिक कौशल आधारित खेलों में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया।

प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक आयोजित प्रतियोगिताओं का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अनुशासन, एकाग्रता, रणनीतिक सोच, निर्णय क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं का उत्साह पूरे आयोजन के दौरान देखने लायक रहा। इंडोर गेम्स प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ. एकता शर्मा, प्रोफेसर, वस्त्र एवं परिधान विभाग तथा डॉ. संगीता गुप्ता, प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यवस्थापन में डॉ. अरुण सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग, डॉ. एलीना एवं डॉ. श्रेया का विशेष सहयोग रहा।

कैरम प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका श्री आशीष शुक्ला ने निभाई, जबकि शतरंज प्रतियोगिता में श्री ऋषभ निषाद ने निष्पक्ष निर्णायक के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षोत्सव केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का भी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि इंडोर गेम्स विद्यार्थियों में मानसिक चपलता, धैर्य, अनुशासन, खेल भावना और रणनीतिक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में शिक्षकगण, गेम काउंसलर, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं के समापन पर छात्राओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया गया।

अंत में डॉ. एकता शर्मा ने प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, कर्मचारियों एवं संबंधित इकाइयों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जी

क

न

क्षांत
सम्मेलन

द्यालय
विशेष पहल
जाएगा। यह
वीरांगना रानी
श्वविद्यालय
तीन से छह
ी) कराया

# बीएससी (ऑनर्स) कृषि में राहुल को कुलाधिपति स्वर्ण

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के दीक्षांत समारोह में मेधावियों को दी जाने वाली एक और सूची जारी हुई है। बीएससी (ऑनर्स) कृषि के छात्र राहुल कुमार को कुलाधिपति स्वर्ण पदक समेत तीन स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा। विवि प्रशासन का कहना है कि जल्द ही अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

सीएसए विवि में बीएससी (ऑनर्स) कृषि में कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले राहुल कुमार ने 8.69 ओजीपीए प्राप्त किया है। उन्हें राय साहब गजोधर लाल मेमोरियल स्वर्ण पदक और स्व. श्री अक्षयवर सिंह स्मारक स्वर्ण पदक से भी नवाजा जाएगा। वहीं 8.65 ओजीपीए प्राप्त करने वाले अभिषेक त्रिपाठी को विश्वविद्यालय रजत पदक के साथ डॉ. कीर्तिकर स्मारक स्वर्ण पदक और आस्पी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। 8.63 ओजीपीए प्राप्त करने वाले ऋषि शर्मा को विश्वविद्यालय कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि जल्द ही पदक की अंतिम लिस्ट जारी कर दी जाएगी। (ब्यूरो)

# दैनिक जागरण 26/06/2026

# बरसात के मौसम में लाभकारी है लोबिया की खेती

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** मानसून में हरी सब्जियों की कमी के बीच लोबिया की खेती किसानों के लिए अतिरिक्त आमदनी का बेहतर जरिया बन सकती है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) के सब्जी विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. संजीव कुमार सिंह ने किसानों को लोबिया की उन्नत खेती अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि लोबिया का उपयोग सब्जी, पशु चारे, हरी खाद और भूमि संरक्षण के लिए किया जाता है। यह फसल अधिक तापमान और सूखे को भी आसानी से सहन कर लेती है।

**ऐसे तैयार करें खेत :** डा. सिंह ने बताया कि लोबिया की खेती सभी प्रकार की मिट्टियों में की जा सकती है। खेत तैयार करने के लिए मिट्टी पलट हल से एक गहरी जोताई करनी चाहिए। इसके बाद पाटा चलाकर मिट्टी को भुरभुरा बना लें। खेत में 150 कुंतल प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद डालना लाभकारी रहता है। अंतिम जोताई के समय 20 किलोग्राम नाइट्रोजन, 60 किलोग्राम फास्फोरस और 60 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर देना चाहिए। बीजों की बोवाई 40 गुणा 20 सेंटीमीटर की दूरी पर पांच से छह सेंटीमीटर की गहराई में करनी चाहिए।



लोबिया की फसल ● सीएसए

**खेत खलिहान**

- सब्जी, चारा और हरी खाद के रूप में बढ़ रही मांग
- अधिक तापमान और सूखे को सहन करने की क्षमता



## किसान अपनी फसल को ऐसे बचाएं

डा. सिंह ने बताया कि लोबिया की फसल में एफिड और जैसिड जैसे कीटों का प्रकोप हो सकता है। किसानों को लीफ स्पाट रोग दिखाई देने पर फफूंदनाशी का छिड़काव करना चाहिए। चूंकि यह हरी फली वाली फसल है, इसलिए रासायनिक दवाओं के अधिक प्रयोग से बचना चाहिए। खेत में खरपतवार नियंत्रण और सिंचाई भी जरूरी है।

## ये प्रजातियां उपयुक्त

डा. सिंह ने बताया कि सीएसए द्वारा विकसित '5269' प्रजाति मैदानी क्षेत्रों के लिए उपयुक्त मानी जाती है। यह फसल 125 से 130 दिनों में तैयार हो जाती है और इससे 300 से 350 क्विंटल प्रति हेक्टेयर चारा और 12 से 18 क्विंटल दाना उत्पादित होता है। इसके अलावा पूसा बरसाती, पूसा दो फसली, पूसा कोमल, नरेंद्र लोबिया भी लोकप्रिय प्रजातियां हैं। उन्होंने बताया कि हरी फलियों के लिए जून-जुलाई में 20 से 25 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर पर्याप्त होता है।

**दैनिक जागरण 26/06/2026**

# सीएसए दीक्षा समारोह में परास्नातक छात्रों को नहीं मिलेंगे मेडल

- परास्नातक के 30 पदक अगले साल के समारोह में दिए जाएंगे
- 10 जुलाई को आयोजित होगा दीक्षा समारोह, तैयारी पूरी

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 10 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षा समारोह में इस बार परास्नातक पाठ्यक्रमों के छात्रों को मेडल नहीं मिल सकेंगे। कृषि एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन के परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं अभी जारी हैं, जिसके चलते परिणाम समय पर घोषित नहीं हो पाएंगे। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन पाठ्यक्रमों के करीब 30 पदकों को फिलहाल रोक दिया है। सीएसए के दीक्षा समारोह में 63 मेडल दिए जाते हैं। इस बार 33 मेडल की सूची जारी की गई है। विश्वविद्यालय से मिली सूचना के अनुसार, इन सभी परास्नातक के छात्रों को अगली बार दीक्षा समारोह में मेडल प्रदान किया जाएगा। अनंतिम मेडल सूची में छात्रों से 30 जून तक आपत्तियां मांगी गई हैं।

समारोह में 63 छात्र-छात्राओं को पीएचडी की उपाधि भी दी जाएगी। दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग पहल) के महासचिव इंद्रमणि पांडेय होंगे समारोह के लिए छात्रों का ड्रेस कोड काली पैंट, सफेद शर्ट, लाल रंग की टाई और काले जूते व छात्राओं का ड्रेस कोड सफेद सलवार-सूट, लाल रंग की चुन्नी निर्धारित किया गया है।



सीएसए भवन • जागरण आर्काइव

विश्वविद्यालय की ओर से पदक विजेताओं की सूची जारी कर दी गई है। बीटेक (कृषि अभियांत्रिकी) में नेहा को स्वर्ण पदक, मीनाक्षी गौतम को रजत और मोहम्मद मो. शाहनियाज को कांस्य पदक दिया जाएगा। बीटेक (कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग) में नंदिनी अग्रवाल को स्वर्ण पदक, श्वेता सिंह को रजत और सेजल पटेल को कांस्य पदक मिलेगा। बीटेक (इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) में अभिषेक यादव ने स्वर्ण, राज शर्मा को रजत और प्रियंका प्रजापति को कांस्य पदक मिलेगा। बीटेक (डेयरी टेक्नोलाजी) में महेंद्र सिंह डोहरे को स्वर्ण, शिवानी पटेल को रजत और मरियम खान को कांस्य पदक मिलेगा। वहीं, बीएफएससी में आदित्य कुशवाहा ने स्वर्ण, पूर्वी रावत ने रजत और सौरभ कुमार ने कांस्य पदक मिलेगा। वहीं, बीएससी (आनर्स) उद्यान में कुलाधिपति स्वर्ण पदक अभाव्या विश्नोई को, विश्वविद्यालय रजत पदक निशित गंगवार को और विश्वविद्यालय कांस्य पदक पुनीत कुमार को दिया जाएगा। बीएससी (आनर्स) वानिकी में कुलाधिपति स्वर्ण पदक सक्षम मिश्रा को, विश्वविद्यालय रजत पदक अंकुर सिंह को और विश्वविद्यालय कांस्य पदक आशीष पाल को दिया जाएगा। सक्षम मिश्रा को प्रो. (डा.) हनुमान प्रसाद चौधरी स्वर्ण पदक भी दिया जाएगा। बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस में कुलाधिपति स्वर्ण पदक निधि कुमारी को, विश्वविद्यालय रजत पदक ट्विंकल कुमार सिंह को और विश्वविद्यालय कांस्य पदक नीतू रावत को दिया जाएगा। निधि कुमारी को प्रकाश रानी वशिष्ठ मेमोरियल स्वर्ण पदक भी दिया जाएगा।

## आयल टेक्नोलाजी के छात्रों को नहीं मिलेंगे पदक

**कानपुर :** एचबीटीयू में 10 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षा समारोह को लेकर तैयारियां चल रही हैं। गुरुवार को भी पूरे दिन तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की बैठक का सिलसिला जारी रहा। वहीं, दीक्षा समारोह में आयल टेक्नोलाजी के छात्रों को स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक पाने से वंचित रहना पड़ेगा। वजह उनका पहले प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण न कर पाना है। जबकि, लेदर टेक्नोलाजी में केवल एक छात्र को स्वर्ण पदक मिलेगा। रजत या कांस्य पदक नहीं दिए जाएंगे।




विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में पदक उन्हीं मेधावी छात्र व छात्राओं को दिया जाता है जो पाठ्यक्रम को पहले प्रयास में बिना किसी कैरी ओवर के पास करते हैं। बता दें, दीक्षा समारोह में 46 छात्रों को पदक दिए जाएंगे।